ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

WORK SHEET – 20

Sub : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 16.11.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़े तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

घोड़ा बहुत काम का जानवर होता है। पहले सभी राजा-महाराजा इसे पालते थे। उस समय इसी पर बैठकर कहीं आया-जाया जाता था। देवताओं और राक्षसो में जब समुद्र को मथा था, तो उसमे से चौदह रत्न निकले थे। घोड़ा उनमे से एक था। आजकल घोड़े से ताँगा खींचा जाता है। सेवा में और पुलिस में भी घुड़सवार सैनिक रखे जाते है। राणा प्रताप का घोड़ा 'चेतक' हवा से बाते करता था। रानी लक्ष्मीबाई का घोड़ा भी बहुत वफ़ादार था।

1. पुराने समय में घोड़े किस काम में आते थे?
2. समुद्र-मंथन के समय कितने रत्न निकले थे?
3. आजकल घोड़ो से क्या-क्या काम लिया जाता है?
4. राणा प्रताप के घोड़े का नाम क्या था?
5. रानी लक्ष्मीबाई का घोड़ा कैसा था?
6. गद्यांश में से एक नाम शब्द छाँटें।
7. घोड़ा शब्द के लिए अन्य शब्द लिखे।
8. चौदह को हिन्दी तथा अंग्रेजी अंक में लिखे।
9. वफादार शब्द से वाक्य बनाए।
10. गद्यांश से एक क्रिया छाँटें।

Sangeeta Khosla